प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2426 दिनांक:21 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2025-26 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र, एवं वेरिफिकेशन सूची निर्गत/जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (बी0फार्म पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षायें दिनांक **23 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 31 जनवरी, 2025** तक प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र (नवप्रेशित छात्रों को छोड़कर) छात्र एवं संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है, साथ ही छात्रों के वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में निर्गत/प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं अपने स्तर सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए परीक्षा में पूर्ण सहयोग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

Deepak Nagaria
21.12.2025

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रति-कुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-1832